# रिवीजन टेस्ट पेपर वर्ष 2020–21
# कक्षा – 11वीं
# विषय – हिन्दी

**पूर्णांक : 80**

**निर्देशः–**

1. इस प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड हैं – क, ख एवं ग
2. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है
3. सभी प्रश्नों के उत्तर यथा संभव क्रमशः लिखिए

## खण्ड–''क''

**1. निम्न गद्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए।**

''जो व्यक्ति सद्‌गुण संपन्न होते हैं सदारी होते हैं, जनहित ही जिनके जीवन का लक्ष होता है। वे महान पुरूष होते हैं, महात्मा होते हैं। दुष्टों के निरन्तर संसर्ग और संपर्क में रहते हुए भी उनके चरित्र और स्वभाव पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। उनके स्वभाव में कोई विकृति नहीं आ पाती। वे चंदन की भाँति दुष्प्रवृतियों के बीच रहते हुए भी समाज के संतापों को अपनी शीतलता से हटाते रहते हैं। अपने गुणों की सुगंध से वातावरण को पवित्र बनाए रहते हैं। वे दुष्टों के प्रति निस्संग और निर्लिप्त रहकर भी अपना कार्य करते रहते हैं। संगति का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर बड़ा भारी पड़ता है, यह उक्ति समान्य व्यक्तियों के लिए कही गई है। चंदन जैसे व्यक्तित्व और चरित्र वाले दृढ़ और उदात्र स्वभाव वाले महापुरूषों पर यह लागू नहीं होता। वे लोग कुसंगति के प्रभाव से बहुत ऊपर उठ चुके होते हैं, वह प्रभाव अन्हें छू भी नहीं पाता है। यहां एक बात और ध्यान देने योग्य है, वह यह कि चंदन का वृक्ष अपने अंगों से लिपटे हुए विषधरों के प्रति कभी कोई कटु प्रतिक्रिया नहीं करता, उसी तरह वे महान लोग भी दुष्टों के प्रति कोई घृणा, द्वेष या आक्रोष व्यक्त नहीं करते और न ही वे उन्हें दंड देने की चेष्टा करते हैं।''

प्रश्न–1 उचित विकल्प द्वारा उत्तर दीजिए– (1+1+1=3)

**(क) अष्टाध्यायी में समास है–**

(i) कर्मधारय समास (ii) दिगु समास
(iii) द्वंद समास (iv) तत्पुरूष समास

**(ख) सज्जन सन्धि है–**

(i) व्यंजन संधि (ii) विसर्ग संधि
(iii) स्वर संधि (iv) अयादि संधि

**(ग) व्यक्तित्व का विलोम शब्द है–**

(i) सामाजिक (ii) व्यक्तित्व
(iii) निजी (iv) अपनत्व

प्रश्न–2 संगति का प्रभाव मनुष्य पर कैसा पडता है ? (अंक 2)

प्रश्न–3 आपके विचार से एक सद्‌गुरू सम्पन्न व्यक्ति का व्यक्तित्व कैसा होता है ? (अंक 2)

प्रश्न–4 प्रस्तुत गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक दीजिए– (अंक 2)

प्रश्न–5 दुष्ट व द्वेष के विपरीतार्थक शब्द लिखिए– (अंक 1)

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

''आज जीत के रात,
पहरूए, सावधान रहना।
खुले देश के द्वार,
अचल दीपक समान रहना।
ऊँची हुई मशाल हमारी,
आगे कठिन डगर है।
शत्रु हार गया, लेकिन उसकी,
छायाओं का डर है।

शोषण से है मृत समाज,
कमजोर हमारा घर है।
किन्तु आ रही नई जिन्दगी,
यह विश्वास अपर है।
जन गंगा में ज्वार,
लहर तुम प्रवद्यमान रहना,
पहरूए सावधान रहना।

उचित विकल्प द्वारा उत्तर चुनिए–

प्रश्न–1 'पहरूए' का शाब्दिक अर्थ है– (अंक 1)
(क) किसान से (ख) पहरेदार से
(ग) सरकार से (घ) पुलिस से

प्रश्न–2 'अचल दीपक समान में रहना' में अलंकार है– (अंक 1)
(क) रूपक अलंकार (ख) यमक अलंकार
(ग) अपमा अलंकार (घ) अनुप्रास अलंकार

प्रश्न–3 'शत्रु की छाया' का क्या अर्थ है ? (अंक 1)

प्रश्न–4 'जन गंगा में ज्वार से क्या अभिप्राय है ? (अंक 1)

प्रश्न–5 अचल और अमर शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए– (अंक 1)

## खण्ड–''ख''

3. छात्रावास में रहने वाले अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए कि वह पढ़ाई के साथ–साथ स्वास्थ्य (कोविड–19) के नियमों का भी नियमित रूप से पालन करें। **(अंक 5)**

अथवा

अपने प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखते हुए उन्हें आनलाईन अध्यापन में आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या के निवारण का अनुरोध कीजिए।

4. ''मोबाईल सुविधा या असुविधा'' विषय पर एक फीचर लिखिए– (अंक 5)
अथवा
''गुम होता बचपन'' विषय पर एक फीचर लिखिए–

5. (i) प्रतिवेदन से आप क्या समझते हैं? प्रतिवेदन के प्रकारों के नाम लिखिए– (अंक 5)
(ii) प्रतिवेदन की महत्वपूर्ण विशेषताऐं क्या है ? लिखिए–

6. सत्य/असत्य लिखिए– (1+1+1+1+1=5)

(i) शब्द कोश शब्दों का भण्डार है।
(ii) हिन्दी शब्द कोश में हिन्दी वर्णमाला का अनुसरण किया जाता है।
(iii) हिन्दी शब्द कोश में संयुक्त व्यंजन सबसे अंत में आते हैं।
(iv) विश्व कोश के अंतर्गत ज्ञान की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं की जानकारी दी जाती है।
(v) एक साहित्यकार द्वारा अपने साहित्य में प्रयुक्त संपूर्ण शब्दों का कोश व्यक्ति कोश कहलाता है।

7. (i) जन संचार से आप क्या समझते हैं ? (अंक 2)
(ii) जन संचार की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए (अंक 3)

## खण्ड–''ग''

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

''घर में विधवा रही पतोहू,
लछमी थी, यद्यपि पति घातिन,
पकड़ मँगाया कोतवाल ने,
डूब कुएँ में मरी एक दिन।

खैर, पैर की जूती, जोरू,
न सही एक, दूसरी आती,
पर जवान लडके की सुध कर
साँप लोटते, फटती छाती।

(क) किसान की बहू को 'लछमी थी, यद्यपि पति घातिन' क्यों कहा गया है ? (अंक 2)
(ख) इस कविता में मारी के प्रति व्यक्त विचारों पर टिप्पणी लिखिए– (अंक 2)
(ग) काव्यांश में प्रयुक्त दोनो मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए– (अंक 2)

9. ''मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो ना कोई
जा के सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई
छांड़ि दयी कुल की कानि, कहा करि हुँ कोई?
संतन ढिग बैठि–बैठि, लोक–लाज खोयी
अंसुवन जल सींचि–सींचि, प्रेमि बेलि बोयी।''

(क) काव्यांश की भाषा की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (अंक 2)
(ख) 'प्रेम–बोलि बोयी' में कोन–सा अलंकार है नाम लिखिते हुए अलंकार को समझाइये। (अंक 2)

10. (क) 'घर की याद' कविता में कवि ने पिताजी के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है लिखिए– (अंक 2)
(ख) मीरा को भक्ति मार्ग में किन–किन बाधाओं का सामना करना पड़ा ? (अंक 2)

अथवा

कबीर के धार्मिक विचारों पर प्रकाश डालिए–

11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
''मियाँ नसीरूद्दीन ने आँखों के कंचे हम पर फेंक दिए। फिर तररेकर बोल– 'क्या मतलब है? पूछिए साहब– नानबाई इल्म लेने कहीं और जाएगा ? क्या नगीनासाज़ के पास ? क्या आईनास के पास ? क्या मीना साज़ के पास ? या रफूगर, रंगरेज या तेली–तंबोली से सीखने जाएगा ? क्या फरमा दिया साहब यह तो हमारा खानदानी पेशा ठहरा। हाँ, इल्म की बात पूछिए तो जो कुछ भी सीखा, अपने वालिद उस्ताद से ही। मतलब यह कि हम घर से न निकले कि कोई पेशा आख्तियार करेंगे। जो बाप–दादा का हुनर था वही उनसे पाया और वालिद मरइम के उठ जाने पर आ बैठे उन्हीं के ठीये पर।''
(क) नसीरूद्दीन के खानदान का पेशा क्या था ? उसने अपनी आजीविका के लिए कौन–सा धंधा अपनाया? (अंक 2)
(ख) नसीरूद्दीन ने नानबाई का धंधा किससे सीखा ? (अंक 2)
(ग) उक्त गद्यांन के आधार पर कुछ खानदानी धंधों के नाम गिनाइये। (अंक 2)

12. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3+3+3+3=12)
(क) 'नमक का दारोगा' कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व है कौन से दो पहलू (पक्ष) उभरकर आते हैं ? लिखिए। (अंक 3)
(ख) 'गलता लोहा' पाठ के आधार पर पहाड़ी गांवो की समस्याओं पर विचार विश्लेषण कीजिए।
(ग) मियां नसीरूद्दीन के व्यक्तित्व और चरित्र की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। (अंक 3)
(घ) 'गलता लोहा' पाठ के आधार पर मोहन के चरित्र पर प्रकाश डालिए। (अंक 3)

13. (क) शास्त्री तथा चित्रपट–संगीत में क्या अंतर है ? (अंक 2)
(ख) नादमय उच्चार का क्या अर्थ है ? यह लता के गायन में किस प्रकार प्रकट हुआ है ?(अंक 2)

अथवा

चित्रपट संगीत ने लोगों की संगीत अभिरूचि को किस प्रकार संस्कारित किया ?
(ग) कुमार गंधर्व ने लता को बेजोड़ गायिका क्यों कहा है ? (अंक 2)
(घ) लता मंगेशकर के गायन ने भारतीय लागों की अभिरूचि को किस प्रकार प्रभावित किया?

अथवा

लता ने चित्रपट–संगीत में मुख्यतया किस प्रकार के गाने गाए हैं और क्यों ? (अंक 2)